प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
01.08.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पी.एम किसान निधि योजना की 20वीं किस्त करेंगे जारी।
- हमीरपुर जिला निवासी वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने भारतीय नौसेना के 47वें उप–नौसेना प्रमुख का पदभार किया ग्रहण।
- प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार के लॉटरी शुरू करने को युवाओं के साथ धोखा करार दिया–फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–सुक्खू सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन से प्रदेश को हुआ नुकसान।
- प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून की वर्षा रूक–रूक जारी–दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित दो सौ 83 सड़कें अवरूद्ध।

किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 2 अगस्त को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी करेंगे। इस दौरान देशभर के 9 करोड 70 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में सीधे 20 हजार 5 सौ करोड़ से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी। इससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत कुल वितरण 3 लाख 90 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा।

नौसेना उप–प्रमुख

वीर भूमि हिमाचल प्रदेश के गौरवशाली इतिहास में आज का दिन एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया है। प्रदेश के वीर सपूत वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन, एवीएसएम, एनएम ने आज भारतीय नौसेना के 47वें उप–नौसेना प्रमुख का पदभार ग्रहण किया। हमीरपुर जिला के हीरानगर निवासी वाइस एडमिरल वात्स्यायन तीन दशकों से अधिक के विशिष्ट सैन्य अनुभव के साथ नौसेना के अनेक प्रमुख कमान, स्टाफ और रणनीतिक पदों पर सेवा दे चुके हैं। अपने असाधारण नेतृत्व क्षमता और सराहनीय सेवा के लिए 2021 में विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन का नेतृत्व और अनुभव भारतीय नौसेना के भविष्य को मजबूती प्रदान करेगा। उनका जीवन देश के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हिमाचल के लिए गर्व का विषय है कि प्रदेश के सपूत राष्ट्र

सेवा में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी उन्हें भारतीय नौसेना के 47वें उप–नौसेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार के लॉटरी शुरू करने के फैसले का कड़ा विरोध किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने सरकार से इस फैसले पर पुर्नविचार करने की मांग की है।

शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने युवाओं को नौकरी देने का वायदा दिया था और अब नौकरी के बजाए उन्हें लॉटरी खरीदने या बेचने में लगा रही हैं। उन्होंने कहा कि लॉटरी की वजह से कई घर बर्बाद हो गए थे जिसके चलते इसे बंद किया गया था।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार भेदभावपूर्ण रवैया अपना रही है और राजनीतिक प्रतिद्वंदियों पर गलत मुकदमें दर्ज किए जा रहे हैं। बिंदल ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल की भरपूर आर्थिक मदद कर रही है लेकिन सुक्खू सरकार अपना मुख्य कर्तव्य भी नहीं निभा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा 6 अगस्त को मंडी में सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेगी।

धर्माणी

दूसरी ओर तकनीकी शिक्षा व नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने लॉटरी शुरू करने के प्रदेश सरकार के फैसले को ऑनलाईन सटटेबाजी से बचने का जरिया बताया है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इसको लेकर कैबिनेट में चर्चा हुई है। धर्माणी ने कहा कि हिमाचल में बहुत सारे लोग ऑनलाइन सट्टेबाजी में हिस्सा लेते हैं और इसके ऊपर सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है। गैरकानूनी रूप से भी लोग सट्टे में बहुत सारा पैसा बर्बाद करते हैं। ऐसे में चर्चा की गई कि ऑनलाइन सट्टेबाज़ी से बचने के लिए अगर इसे लीगल किया जाएगा तो बेहतर रहेगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि राज्य की सुक्खू सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण प्रदेश को बार–बार कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन की सरकार प्रदेश को चौतरफा नुकसान पहुंचा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश उच्च न्यायालय की आर्थिक आपातकाल लगाने की टिप्पणी भी सरकार की कारगुजारियों को आईना दिखाती है। उन्होंने कहा कि सरकार आए दिन अपनी कारगुजारियों की वजह से प्रदेश की किरकिरी करवा रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आपदा प्रभावितों को

भरपूर मदद दी जा रही है लेकिन सुक्खू सरकार केंद्र द्वारा भेजी गई आपदा राहत राशि को भी प्रभावितों तक भेजने में नाकाम रही है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी रहा। प्रदेश में भारी वर्षा व भूस्खलन से दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित दो सौ 83 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं, जबकि 3 सौ 14 बिजली के ट्रांसफार्मर और दो सौ 21 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। जनजातीय जिला लाहौल स्पिति के जिस्पा में बीआरओ कैंप के पास बादल फटने से मनाली–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग और मंडी–कुल्लू राष्ट्रीय उच्च मार्ग पंडोह से आगे बनाला के पास भूस्खलन के कारण बंद हो गया है। शिवाबदार गांव को जोड़ने वाला एकमात्र संपर्क मार्ग भी टूट चुका है।

क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण पूरी पहाड़ी के खिसकने का खतरा बना हुआ है। उधर कुल्लू ज़िला में भारी बारिश के चलते मनाली से अटल टनल होते हुए लाहौल जाने वाली सड़क भी बंद कर दी गई है। मनाली से लाहौल की ओर जाने वाले बड़े वाहनों को रोहतांग दर्रा होकर भेजा जा रहा है। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी 5 अगस्त तक प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

प्रौजेक्ट सारथी

प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल इंदिरा गांधी मैडिकल कॉलेज शिमला में अब मरीजों और उनके तीमारदारों की मदद के लिए एन.एस.एस. और एनसीसी कैडेटस सारथी की भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पांच अगस्त को प्रौजेक्ट सारथी योजना का शुभारंभ करेंगे। आईजीएमसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राहुल राय ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए पीजीआई चण्डीगढ़ की तर्ज पर ये योजना शुरू की जा रही है। इस योजना में शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग मिलकर काम कर रहे हैं।

पौध रोपण

फिनिक्स एकेडमी आर्यावर्त इंस्टीटयूट और हिंद एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज शिमला के गलैन में पौधरोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के करीब सौ पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर स्वामी आर्यपुरूष जी महाराज ने कहा कि वृक्षों का संरक्षण करना केवल पर्यावरण की नहीं बल्कि मानवता की भी सेवा है। उन्होंने कहा कि हमें ये सुनिश्चित करना चाहिए कि जो पेड़ हम लगाएं उनका संरक्षण व संवर्धन का कार्य भी जिम्मेदारी से करना चाहिए। इस मौके पर अभिलेखागार व वैचारिक प्रबोधन प्रमुख महीधर प्रसाद ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा हमारी

सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। आकाशवाणी केंद्र शिमला के सहायक निदेशक समाचार रितेश कपूर ने प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पी.एम किसान निधि योजना की 20वीं किस्त करेंगे जारी।
- हमीरपुर जिला निवासी वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन ने भारतीय नौसेना के 47वें उप–नौसेना प्रमुख का पदभार किया ग्रहण।
- प्रदेश भाजपा ने राज्य सरकार के लॉटरी शुरू करने को युवाओं के साथ धोखा करार दिया–फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–सुक्खू सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन से प्रदेश को हुआ नुकसान।
- प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून की वर्षा रूक–रूक जारी–दो राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित दो सौ 83 सड़कें अवरूद्ध।

———————————